II

अत्यावश्यक

पंचायत उप निर्वाचन, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - पं.नि. 30-258/2021 - 4396

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी -सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
(शिवहर एवं शेखपुरा को छोड़कर)

पटना, दिनांक - 23.12.23

विषय : पंचायत उप निर्वाचन, 2023 : बज्रगृह की सुरक्षा हेतु इलेक्ट्रॉनिक लॉक का उपयोग करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन, 2023 के के निमित्त बज्रगृह की सुरक्षा हेतु विधिक रूप से बज्रगृह को लॉक करने के अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक लॉक का उपयोग करने का निर्णय बज्रगृह को बन्द किये जाने एवं खोले जाने के समय के अनुश्रवण एवं पारदर्शिता स्वरूप सभी संबंधित को 'अलर्ट' के संबंध में सूचित किये जाने के उद्देश्य से लिया गया है। जिसका अनुश्रवण आयोग कार्यालय, जिला पदाधिकारी तथा निर्वाची पदाधिकारी द्वारा भी किया जायेगा। इस सन्दर्भ में आयोग द्वारा निम्नांकित निदेश दिये गये हैं –

1. दिनांक 28.12.2023 को मतदान पश्चात बज्रगृह में इलेक्ट्रॉनिक लॉक का उपयोग किया जायेगा।
2. इलेक्ट्रॉनिक लॉक जो किराये के आधार पर है, की आपूर्त्ति की जिम्मेवारी IMZ Corporate Privet Ltd., Software Technology Parks, Patliputra Colony, Patna-800013 को दी गई है। संबंधित का मोबाईल संख्या 8448690495 है।
3. IMZ Corporate Privet Ltd. के प्रतिनिधि द्वारा इलेक्ट्रॉनिक लॉक उपलब्ध कराया जायेगा। जिला के प्रतिनिधि का दूरभाष प्राप्त कर लेंगे जिससे परिस्थितिवश आवश्यकता पड़ने पर उन्हें कभी भी बुलाया जा सकता है।
4. संबंधित अभ्यर्थियों को भी इसके संबंध में अवगत कराया जाय तथा उन्हें भी View Option उपलब्ध कराया जाय ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस हेतु एजेंसी को अभ्यर्थियों का मोबाईल संख्या उपलब्ध करा दी जाय।
5. संबंधित निर्वाची पदाधिकारी को अवगत कराते हुये सम्पूर्ण प्रक्रिया का विडियोग्राफी की जाय।
6. संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) के पास भी View Option रहेगा। उक्त कार्य हेतु एक पदाधिकारी को प्राधिकृत किया जाये जो जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से अनुश्रवण करेंगे एवं इसकी गतिविधि से जिला निर्वाचन पदाधिकारी को अवगत करायेंगे।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं सभी संबंधित को उक्त निदेश से अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

(ह०) 23/12/23

विशेष कार्य पदाधिकारी।

(ह०) 22.12.23

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

ज्ञापांक - पं.नि. 30-258/2021 – पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि IMZ Corporate Private Limited, Software Technology Parks,Patliputra Colony, Patna- 800013. सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि पंचायत उप निर्वाचन, 2023 से संबंधित निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की मोबाईल संख्या संबंधी सूची जिला से समन्वय स्थापित कर प्राप्त कर लें एवं अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रॉनिक लॉक के View Option के संबंध में अवगत करायें।

23/12/23

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-258/2021 – 4396 पटना, दिनांक – 23.12.23

प्रतिलिपि आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित।

23/12/23

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-258/2021 – 4396 पटना, दिनांक – 23.12.23

प्रतिलिपि, सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/12/23

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक - पं.नि. 30-258/2021 – 4396 पटना, दिनांक –23.12.23

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/12/23

विशेष कार्य पदाधिकारी।